हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व आवेदन संख्या 1327/2017 तहसीलदार बाड़मेर बनाम जोगा	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
21.3.18	पत्रावली पेश हुई। पैरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थीगण के नॉटिस तामिल की श्रेणी में प्राप्त हो चुके है। पैरोकार सरकार द्वारा आवेदन में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए निवेदन किया कि आवेदन में अंकित खसरान में ग्राम नोख में स्थाई रास्ता जो नोख से भाईयोणि की ढाणी तक जा रहा है। इस रास्ते पर सड़क बनी हुई है, जो संलग्न नक्शे में बरंग हरा दशाई गई है। उक्त रास्ता बारामासी है। लिहाजा राजस्व रेकर्ड में सम्बन्धित पक्षकारान के खाते में गै.मु. रास्ता के रूप में अंकन करावें।	

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात का भी अवलोकन किया। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि आवेदन में अंकित खसरान की भूमि में सड़क बनी हुई है, परन्तु राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है, जिसे राजस्व अभिलेख में सम्बन्धित के खाते में दर्ज किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार बाडमेर मौजा नोख की निम्नानुसार भूमि स्थाई रास्ते के रूप में जो संलग्न नक्शा में हरा रंग से दर्शाई गई है को सम्बन्धित खातेदार के खाते में राजस्व अभिलेख में गैर मुमकिन रास्ते के रूप में दर्ज कर नक्शा में तरमीम करावें:-

क्र. सं.	नाम खातेदार	ख.न.	कुल रकबा (बीघा मे)	रास्ते की लम्बाई-चौडाई (फीट मे)	रास्ते मे प्रभावित रकबा (बीघा मे)
1	2	3	4	5	6
1	जोगा वाला उम्मेदा पिसरान कुम्भा जाति जाट सा. देह खातेदार	179/78	6.00	566X20	0.13
2	रूपाराम मगनाराम पदमाराम पिसरान खरथाराम केसरी देवी तीजोदेवी पत्नीयां खरथाराम जाति जाट सा. देह खातेदार	290/78	18.13	566X20	0.13
3	कलाराम हेमाराम बगताराम दोलाराम नेनाराम गेनाराम पिसरान रामचन्द्र जेतीदेवी पत्नी रामचन्द्र जाति जाट सा. देह खातेदार	177/78	30.04	350X20	0.08

नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। आदेश सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।

758
5.4.18

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

उप खण्ड अधिकारी बाड़मेर

Scanned by CamScanner